भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 313

03 फरवरी, 2021 को उत्तर के लिए

देश में इस्पात संयंत्र

313. श्रीमती ममता मोहंताः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ओडिशा सहित देश में इस्पात संयंत्रों की कुल संख्या कितनी है और ऐसे इस्पात संयंत्रों के क्या नाम हैं, जहां वर्तमान में कार्य हो रहा है;

(ख) क्या सरकार रोजगार अवसरों का सृजन करने/बढ़ाने के लिए ओडिशा में निकट भविष्य में नये इस्पात संयंत्रों को स्थापित करने का विचार रखती है;

(ग) यदि हां, तो उक्त संयंत्रों को कब तक स्थापित किये जाने की संभावना है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या विगत कुछ वर्षों के दौरान इस्पात के निर्यात में बढ़ोतरी हुई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसका घरेलू बाजार तथा स्वदेशी इस्पात पर क्या प्रभाव पड़ा है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क): वर्ष 2019-20 के दौरान देश में कच्चे इस्पात का उत्पादन करने वाले इस्पात संयंत्रों की संख्या 914 है। सार्वजनिक क्षेत्र में, वर्तमान में नगरनार, छत्तीसगढ़ में एनएमडीसी इस्पात संयंत्र, जोकि एक ग्रीनफील्ड इस्पात संयंत्र है, में काम चल रहा है।

(ख) और (ग): चूंकि इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है, अतः निजी या सार्वजनिक क्षेत्र में इस्पात इकाइयों की स्थापना से संबंधित निर्णय वाणिज्यिक पहलुओं और बाजार के समीकरणों के आधार पर व्यक्तिगत इस्पात उत्पादकों द्वारा लिया जाता है।

(घ): पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष अर्थात् अप्रैल-दिसंबर, 2020 में देश में तैयार इस्पात के आयात और तैयार इस्पात के उत्पादन का विवरण निम्नानुसार है:

तैयार इस्पात का आयात		**तैयार इस्पात का उत्पादन (एमटी)**
वर्ष	**मात्रा (एमटी)**	
2017-18	7.48	95.01
2018-19	7.84	101.29
2019-20	6.77	102.62
अप्रैल-दिसंबर 2020*	3.21	66.56
स्रोत: जेपीसी; एमटी=मिलियन टन; *अनंतिम		

पिछले तीन वर्षों में इस्पात का आयात कम हुआ है, जबकि कोविड-19 महामारी के कारण चालू वर्ष को छोड़कर घरेलू इस्पात उत्पादन में वृद्धि होती रही है। कुछ इस्पात ग्रेड, जो देश में विनिर्मित नहीं होते हैं या पर्याप्त मात्रा में विनिर्मित होते हैं, का आयात विनिर्माण क्षेत्र और देश द्वारा मशीनरी, ऑटोमोबाइल आदि के निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए किया जाता है।

****